>

Title: Need to convert the road between Tetaria Mod to Koiridih in Aurangabad district, Bihar into a pucca road.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): मुझे माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान नक्सल प्रभावित क्षेत्र सासाराम एवं औरंगाबाद की ओर आकृष्ट करते हुए कहना है कि यह क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित है एवं आये दिन घटनाएं घटती रहती हैं जिससे क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। खास कर औरंगाबाद के नवीनगर प्रखंड में घटनाएं ज्यादा घटती हैं। इसी प्रखंड के तेतरिया मोड से कोइरीडीह तक 6 कि.मी. का रास्ता काफी खराब स्थिति में है जहां पर उग्रवाद जैसी अप्रिय वारदातें होती रहती हैं।

अतः इस 6 कि.मी. रोड़ को नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विकास की योजना के तहत पथ का पक्कीकरण कराने का कष्ट करें जिससे नक्सली गतिविधि में कमी आये।